आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 20.05.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- दक्षिण पश्चिम मानसून बंगाल की खाड़ी के दक्षिण के कुछ भाग, निकोबार और दक्षिण अण्डमान सागर में सक्रिय हो गया है।

- दक्षिण और मध्योत्तर अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

- केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के कृषि विज्ञान केन्द्र, कार–निकोबार की ओर से बिग लपाती गांव में एक दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, देश में अनुसूचित जाति श्रेणी के अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या दो हजार चौदह–पन्द्रह के मुकाबले चवालिस प्रतिशत बढ़ गई है।

- अण्डमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन, अखिल भारतीय फुटबॉल फैडरेशन के सहयोग से द्वीपसमूह में पहला बेसिक रेफरी कोर्स आयोजित करेगा।

<><><><><><><>

दक्षिण पश्चिम मानसून बंगाल की खाड़ी के दक्षिण के कुछ भाग, निकोबार और दक्षिण अण्डमान सागर में कल से सक्रिय हो गया है। इसके प्रभाव से द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छीटे पड़ेंगी। अगले चार दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के अधिकांश भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। समुद्र के काफी अशान्त रहने की भी संभावना है। इस दौरान हवा की गति चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घण्टा हो सकती हैं। मछुआरों को तेईस मई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। आज का अधिकतम तामपान उन्तीस दशमलव चार और न्यूनतम तापमान चौबीस दशमलव आठ रहने की संभावना है।

<><><><><><><>

दक्षिण और मध्योत्तर अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। दक्षिण अण्डमान जिले के

विभिन्न भागों में चलाए गए अभियान के दौरान दस हजार से अधिक वर्ग मीटर क्षेत्र को खाली कराया गया। जिला उपायुक्त ने लोगों से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण न करने और जो लोग भी इस तरह की गतिविधियों में शामिल हैं, उनके खिलाफ जिला नियंत्रण कक्ष में जानकारी देने को कहा है।

उधर मध्योत्तर अण्डमान जिले में भी बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है और अब तक कई हजार वर्ग मीटर सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया है।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय मातृत्व दिवस मनाए जाने के सिलसिले में सी.आर.सी. और गैर–सरकारी संगठन पंख की ओर से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य दिव्यांगजन और माताओं को नेत्र जांच की सुविधा प्रदान करना था। शिविर में पचास से अधिक लोग लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती मुख्य अतिथि थे, जबकि पंख की अध्यक्षा कोमल आनन्द सम्माननीय अतिथि थीं।

<><><><><><><>

विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने के सिलसिले में भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण की ओर से ऑनलाइन ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इच्छुक विद्यार्थी, शिक्षक या शोधकर्ता इक्कतीस मई तक दिए गए विषय पर जेड एस आई की मेल पर प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के कृषि विज्ञान केन्द्र, कार–निकोबार की ओर से बिग लपाती गांव में एक दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिग लपाती के कैप्टन एम. थॉमस इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। बैंग्लुरू के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आर. सेन्थिल कुमार स्रोत अधिकारी थे। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि वे नारियल की उत्पादकता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक तरीके का इस्तेमाल करें। डॉ. संतोष कुमार ने इस अवसर पर किसानों को संबोधित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीस से अधिक किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

राज्य बाल संरक्षण सोसायटी की ओर से हाल ही में सभी उम्र के बच्चों के लिए कविता लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समाज कल्याण निदेशक के कक्ष में

पुरस्कार वितरण समारोह रखा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए एक मंच प्रदान करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करना था। समाज कल्याण निदेशक नितिन शाक्या ने सभी विजेताओं और उनके अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस तरह के कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। कविता लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता के नौ–नौ खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, देश में अनुसूचित जाति श्रेणी के अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या दो हजार चौदह–पन्द्रह के मुकाबले चवालिस प्रतिशत बढ़ गई है। पहले यह संख्या छियालिस लाख थी, जो दो हजार इक्कीस–बाईस तक छियासठ लाख हो चुकी है। अल्पसंख्यक महिला विद्यार्थियों की संख्या भी दो हजार चौदह–पन्द्रह के मुकाबले बयालिस प्रतिशत बढी है। वहीं अनुसूचित जाति की महिला विद्यार्थियों की संख्या में इक्यावन प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति के दाखिले में पैंसठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष दो हजार बीस–इक्कीस में अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए सत्ताईस प्रतिशत आरक्षण के तहत चौंतीस हजार से अधिक बच्चों को दाखिला मिला है। राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों में, अन्य पिछड़ा वर्ग के दाखिले में इकहत्तर प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इनमें महिलाओं की संख्या बढ़कर दोगुनी हो गई है।

<><><><><><><>

स्वच्छ पंचायत अभियान के तहत कल ऐविस द्वीप में तट सफाई अभियान चलाया गया। जिला उपायुक्त दिलखुश मीणा के नेतृत्व में पोकाडेरा पंचायत के सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने इस तट की सफाई की। अभियान के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग ढांचागत विकास निगम लिमिटेड और अन्य विभागों के कर्मचारी भी साथ थे। इस सफाई अभियान का उददेश्य पंचायतों को साफ सुथरा बनाना और इस कार्य में सभी की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करना है।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में जी पी रेटिंग पाठ्यक्रम के लिए उम्मीदवारों के चयन के वास्ते सामान्य प्रवेश परीक्षा लिया जाएगा। तीन जून को सुबह दस बजे से लिखित परीक्षा और सात जून को सुबह नौ बजे और दिन में डेढ़ बजे दो पारियों में शारीरिक परीक्षा ली

जाएगी। आवेदन फार्म इक्कतीस मई तक प्राप्त किए जा सकते हैं। उनतीस मई से एक जून तक हॉल टिकट दिए जाएंगे। प्रवेश के समय भारतीय पासपोर्ट का होना जरूरी है। अधिक जानकारी के लिए डीब्रेट के मैरीटाइम अनुभाग से उम्मीदवार दिए गए मोबाइल नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन, अखिल भारतीय फुटबॉल फैडरेशन के सहयोग से द्वीपसमूह में पहला बेसिक रेफरी कोर्स आयोजित करेगा। यह कोर्स चार दिनों का होगा। इस दौरान भोजन, आवास और यात्रा का खर्च उम्मीदवारों को वहन करना होगा। द्वीपसमूह के दसवीं पास पुरूष और महिला उम्मीदवार जिनकी आयु अट्ठारह से पैंतीस वर्ष है, वे अपना पंजीकरण इक्कतीस मई तक कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार पुलिस ने साइबर अपराध को अंजाम देने के लिए फर्जी नौकरी का एस.एम.एस. भेजने वाले जाल–साज़ों पर जन सलाह जारी की है। इसमें कहा गया है कि जालसाज़ फर्जी नौकरी देने के लिए ऑनलाइन विज्ञापन देते है, जिसमें वे लोगों को घर से ही काम करके कम समय और कम मेहनत में अधिक पैसे कमाने का लालच देते है। धोखाधड़ी के लिए साइबर अपराधी एक नौकरी देने वाले या भर्तीकर्ता की भूमिका निभाता है और आकर्षक रोज़गार का झांसा देता है। इसके बदले वह नौकरी चाहने वालों से पूर्व में कुछ पैसे देने की मांग करता है। पुलिस ने लोगों से ऐसे अज्ञात प्रेषकों द्वारा भेजे गए मैसेज या ई–मेल के माध्यम से आने वाले आकर्षक नौकरी के प्रस्तावों से बचने को कहा है। इसके अलावा नौकरी प्रस्ताव देने वाली कम्पनी की पूरी तरह जांच करने और पंजीकरण या अन्य मामलों में कोई भुगतान करने से पहले कामदार की प्रमाणिकता की पुष्टि करने और भुगतान से बचने को भी कहा गया है।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

दक्षिण अण्डमान जिले में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और अब तक दस हजार वर्ग मीटर से अधिक जमीन को खाली कराए जाने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। द्वीप समाचार ने दक्षिण अण्डमान के अलावा मध्योत्तर अण्डमान जिले में भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जाने के समाचार को प्रमुखता दी है। पोर्ट ब्लेयर में दस जून से चौबीस जून तक सर्किट कोर्ट की बैठक होगी–इंफो इंडिया की खबर है। प्रातरापुर के बगीचा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित होने और स्पर्श की ओर से विद्यार्थियों के लिए माउन्ट मणिपुर में प्रकृति शिविर आयोजित करने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल में जगह मिली है। मुख्य सचिव केशव चन्द्र द्वारा अनिम्स के वार्षिक खेलकूद और सांस्कृतिक उत्सव के समापन समारोह में भाग लेने और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार बांटने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है।

<><><><><><><>